स्थापित वर्ष : 1910

# राजकीय इण्टर कॉलेज

पचकुंईया शाहगंज, आगरा

## विवरण पत्रिका





# डॉ. जनक सिंह सिसौदिया

एम.कॉम, पीएच.डी,
प्रधानाचार्य
राजकीय इण्टर कॉलेज, आगरा

# प्रधानाचार्य की कलम से......

तेजी से बदलते राष्ट्रीय और शैक्षिक घटनाक्रम को देखते हुए आवश्यक है कि उच्च शिक्षा की प्राथमिकताओं, समस्याओं और चुनौतियों के परिप्रेक्ष्य में लक्ष्यों का पुनर्निर्धारण किया जाये। इसके लिए जहाँ अपनी उदात्त एवं समृद्ध परम्पराओं से प्राण–रस ग्रहण करना होगा, वहीं बदलते सन्दर्भों के अनुरूप शैक्षिक नीतियों को आकार देना होगा।

इस दिशा में राजकीय इण्टर कॉलेज, आगरा अपनी महत्वपूर्ण एवं रचनात्मक भूमिका निभाने हेतु संकल्पित है। आधुनिक बदलते शैक्षिक परिवेश में यह शिक्षण संस्थान ऐसी विषय सामग्री एवं विभिन्न पाठ्यक्रमों के समायोजन को आवश्यक समझता है जो हमारे शिक्षकों और विद्यार्थियों को नये युग सन्दर्भों के अनुरूप प्रेरित और प्रभावित कर सके।

मेरे लिए भी यह गौरव की बात है, कि मैं ऐसी प्रतिष्ठित संस्था का संचालन कर रहा हूँ, जिसमें मैंने स्वंय अध्ययन किया है। मेरा प्रयास यही होगा कि मैं अपनी पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूँ एवं आशा है सभी के सहयोग से संस्था उन्नति की ओर अग्रसर होगी।

संस्था एवं विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की सफलता के लिए मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

**डॉ. जनक सिंह सिसौदिया**
**प्रधानाचार्य**

# राजकीय इण्टर कॉलेज

## पचकुंईया, आगरा - 282010

## विद्यालय का परिचय

(विश्व प्रसिद्ध) एतिहासिक नगरी आगरा की यह शिक्षण संस्था अपने गौरवमयी इतिहास के 113 वर्ष पूर्ण कर चुकी है। यह संस्था सन् 1910 में आगरा में सर्वप्रथम हाईस्कूल के रूप में स्वतंत्र अस्तित्व में आयी। सन् 1962 में उच्चीकृत होकर यह संस्था राजकीय इण्टरमीडिएट कॉलेज के रूप में स्थापित हुई। प्रारम्भ से ही समाज की शैक्षिक आवश्यकताओं की पूर्ती हेतु निरंतर जनगण की सेवा में संलग्न यह संस्था नगर में ही नहीं वरन् सम्पूर्ण मण्डल में अपना विशिष्ट स्थान रखती है, अपने गौरवमयी काल में इस संस्था ने कई मेधावी छात्रों को शिक्षा देकर विज्ञान, साहित्य, प्रशासन एवं चिकित्सा क्षेत्रों में महानता की ओर अग्रसर किया है।

वर्तमान में इस संस्था में हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के विभिन्न विषयों की शिक्षा वैज्ञानिक, मानविकी, व्यवसायिक तथा वाणिज्यिक वर्गों में उपलब्ध है, वर्ष 1989 से विद्यालय में केन्द्रीय योजना के अन्तर्गत तीन विषयों में व्यावसायिक शिक्षा का शुभारम्भ हुआ है। यह विषय हैं– फोटोग्राफी तथा टेलीविजन, वाणिज्यिक वर्ग में लेखाशास्त्र तथा अंकेक्षण एवं हाईस्कूल में आई.टी व रिटेल मैनेजमेंट में भी कक्षाऐं संचालित हैं।

वर्ष 1990 से विद्यालय में कम्प्यूटर योजना भी प्रारम्भ हो चुकी है और विधिवत चल रही है। अनुभवी प्रधानाचार्य के अतिरिक्त 31 कुशल शिक्षक, 5 परिश्रमी एवं कर्मठ लिपिक तथा 4 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी हैं। विद्यालय में वर्तमान छात्र संख्या 1500 है।

**परीक्षाफल–** विगत वर्षो की भाँति 2022 में भी विद्यालय का परीक्षाफल इसकी प्रतिष्ठा के अनुरूप रहा तथा विद्यालय के कई छात्रों ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में चयनित होकर विद्यालय को गौरवान्वित किया है।

**अनुशासन–** परीक्षाफल जहाँ विद्यालय की उत्कृष्टता की पहली कसौटी है, वहीं अनुशासन दूसरी कसौटी है। इस विद्यालय में छात्र नितांत अनुशासित होकर विद्याध्ययन करते हैं। विद्यालय की अनुशासन समिति प्रमुख प्रशासक डा. संजीव यादव प्रवक्ता व अन्य की देख–रेख में इस दायित्व का निर्वाह करती है उन के इस कार्य में अन्य अपना सहयोग प्रदान करते है। विद्यालय के प्रत्येक क्रियाकलाप में अनुशासन समिति अपना विशेष योगदान देती है।

**हिन्दी साहित्य परिषद–** छात्रों में राष्ट्रभाषा के प्रेम को बनाये रखने के लिए प्रतिवर्ष हिन्दी साहित्य परिषद का गठन प्रधानाचार्य जी के संरक्षण में किया जाता है, इसकी प्रभारी श्रीमती लीना एवं सहयोगी के रूप में डॉ. राजेन्द्र सिंह चौहान व श्री विशम्भर दयाल पाराशर द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाता है।

परिषद के द्वारा वर्ष भर अपने उद्देश्यों की पूर्ती के लिए अधिक से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। इन कार्यक्रमों में भाषण, निबन्ध एवं वाद–विवाद प्रतियोगिताएँ प्रमुख है। विद्यालय के छात्र विभिन्न क्रियाकलापों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। राष्ट्रीय पर्वों की श्रृंखला में 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस), शिक्षक दिवस, गाँधी जयन्ती, गणतंत्र दिवस आदि अनेक पर्व आयोजित किये जाते हैं।

**विज्ञान परिषद** – छात्रों में वैज्ञानिक प्रतिभा को जागृत करने तथा विकसित करने के लिए विद्यालय में प्रतिवर्ष विज्ञान परिषद का गठन किया जाता है। इसका संचालन श्री प्रभाकर गिरि द्वारा किया जा रहा है। विगत वर्षो की भाँति प्रत्येक वर्ष भी परिषद् के विभिन्न पदाधिकारियों, छात्र, अध्यक्ष, मंत्री, उपमंत्री, सचिव आदि को विधिवत चुना जाता है। परिषद् के तत्वाधान में जिला स्तरीय एवं मंडल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया जाता है। इस विद्यालय के जनपद स्तर पर 5 छात्र सीनियर वर्ग के एवं 2 छात्र जूनियर वर्ग के एवं मडल स्तर पर 2 छात्र चयनित हुए। जिन्होने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया।

**खेल आख्या–** विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष भी सत्र प्रारम्भ होते ही खेल प्रतियोगिताएँ प्रारम्भ कर दी गयी। सीनियर व जूनियर वर्ग की अलग–अलग प्रतियोगिताएँ सम्पन्न कराई गई। विद्यालय के छात्रों ने क्षेत्रीय, जिला, मण्डल प्रदेश स्तर पर प्रतिनिधित्व किया। फुटबाल, खो–खो, बालीबॉल, हैण्डबाल, कबड्डी, वॉस्केट बाल, बैडमिंटन, टेबिल टेनिस, तैराकी, शूटिंग के अतिरिक्त जूड़ो एवं एथलैटिक्स प्रतियोगिताओं में भी छात्रों ने उपलब्धियाँ प्राप्त की।

विद्यालय में खेलकूद के कार्यक्रमों को प्रोत्साहन करते हुए प्राचार्य एवं खेल प्रभारी श्री अनिल कुमार एवम् अशोक कुमार बघेल ने समय–समय पर छात्रों का मनोबल बढ़ाया।

उन समस्त अध्यापकों का आभारी हूँ जिन्होने विद्यालय में होने वाले खेल तथा कार्यक्रमों में अपना सहयोग प्रदान कर सफल बनाया है।

**राष्ट्रीय सैनिक शिक्षा (एन.सी.सी.)** – राष्ट्र की सैनिक दृढ़ता के उद्देश्य से विद्यालय में एन.सी.सी. का प्रशिक्षण दिया जाता है। वर्तमान में विद्यालय में दो डिवीजन चल रहे हैं। सीनियर एवं जूनियर डिवीजन। सीनियर डिवीजन में एक कम्पनी व जूनियर डिवीजन में एक कम्पनी है जिनमें क्रमशः 160 व 100 मे कैडेट्स का नामांकन प्रत्येक वर्ष किया जाता है। समय–समय पर कैडेट्स को निर्देश क्रमशः एन.सी.सी. ऑफीसर (ए.एन.ओ.) श्रीमती स्वामी प्यारी एवं डॉ. संजीव कुमार यादव द्वारा दिया जाता है। एन.सी.सी. प्रशिक्षण में केडेट्स, ड्रिल, फील्ड क्राफ्ट, मेप रीडिंग व हथियारों तथा नागरिक सुरक्षा का प्रशिक्षण प्रदान करते हैं।

**राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा–** यह विद्यालय राज्य स्तर शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद उ. प्र. द्वारा संचालित राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा का केन्द्र हैं जिसमें राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा कराकर छात्रों को उच्च शिक्षा तक छात्रवृति के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जिसका संचालन श्रीमती हिना चंचल द्वारा किया जाता है।

**कम्प्यूटर शिक्षा**– वर्ष 1989 से विद्यालय में कम्प्यूटर प्रशिक्षण की कक्षायें भी प्रारम्भ हो गई हैं। इस प्रशिक्षण के लिए विद्यालय में एक भव्य कम्प्यूटर कक्ष का निमार्ण कराया गया है इस प्रशिक्षण से निरन्तर छात्र लाभान्वित हो रहे हैं।

**राष्ट्रीय सेवा योजना**– सत्र 1999–2000 से विद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना संचालित की गई है। इस योजना के अन्तर्गत श्री बृजराज सिंह के निर्देशन में प्रतिवर्ष 100 छात्र चयनित किये जाते हैं। जो राष्ट्रीय महत्व के विभिन्न कार्यक्रमों को अपनाकर उन्हें सफल बनाने के लिए प्रयत्नशील रहते हैं। इन 100 छात्रों में से 50 छात्र विशेष शिविर में भाग लेकर मलिन बस्ती एवं पिछड़े क्षेत्रों की स्थानीय समस्याओं को दूर करने के साथ ही क्षेत्रीय निवासियों में नव जागरण का संचार करने में अपना योगदान करते हैं।

**कौशल विकास के अन्तर्गत** – प्रधानमंत्री जी की महत्वाकांक्षी योजना के अन्तर्गत छात्रों को कम्प्यूटर और रिटेल मैनेजमेन्ट की शिक्षा देकर छात्रों को रोजगार उन्मुख शिक्षा भी विद्यालय द्वारा दी जाती है।

**पत्राचार शिक्षा** – इस योजना के अर्न्तगत जो सरकारी कर्मचारी या कक्षा 10 या 12 में नियमित प्रवेश नहीं ले पाते हैं। उनके लिए सरकार द्वारा पत्राचार शिक्षा की व्यवस्था भी की गयी है। जिसका संचालन डॉ. राजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा किया जाता है।

**पत्रिका** – विद्यालय की वार्षिक क्रिया–कलापों जैसे– एन.सी.सी., एन.एस.एस, खेल–कूद व साहित्य में, जो भी छात्रों एवं शिक्षकों द्वारा लेख प्रकाशित किये जाते है जिससे छात्रों में भी लेखन के प्रति रूचि का निर्माण होता है। इसका संचालन डा. राजेन्द्र सिंह चौहान द्वारा किया जाता है।

**रेमेडियल कक्षा** – इसके अर्न्तगत कक्षा 9 से 12 के शिक्षा में कमजोर छात्रों को चिन्हित कर विद्यालय में अतिरिक्त वादन लगाकर अध्ययन कराया जाता है।

**अभ्युदय योजना** – प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के अर्न्तगत छात्रों को नीट, जेईई, सिविल सर्विसेस, सी.डी.एस. व एन.डी.ए. की निशुल्क कोचिंग भी विद्यालय में संचालित है।

**पूर्व छात्र एसोसिएशन** – पूर्व छात्रों के द्वारा विद्यालय की भौतिक सुविधा फर्नीचर, कमरे, पंखे, शौचालय एवं मुख्य हॉल का जीर्णोद्धार लगभग 40 लाख रूपये लगाकर किया गया। जिसमें मुख्य रूप से पूर्व छात्र डॉ. प्रभात कुमार, आईएएस (पूर्व अध्यक्ष–लोक सेवा आयोग), डॉ. अनिल कुमार, व्यवसायी, श्री रजत अस्थाना, श्री शिशिर अस्थाना एवं श्री दीपक मनचंदा जी का विशेष योगदान रहा। डॉ. प्रभात कुमार जी द्वारा प्रत्येक वर्ष हाईस्कूल व इण्टर में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को 20–20 हजार रूपये की धनराशि पुरुस्कार के रूप में प्रदान की जाती है।

**छात्रो के सदन** – छात्रों को चार सदनों में विभाजित करके खेलकूद एवं अन्य गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। चार सदन निम्नलिखित हैं।

1. गाँधी सदन (पीला)
2. टैगोर सदन (हरा)
3. सुभाष सदन (लाल)
4. पटेल सदन (नीला)

# इण्टरमीडिएट

**पाठ्यक्रम (विषय)**

**(क) मानविकी (कला) वर्ग (Humanities Group) -**

(1) हिन्दी
(2) अंग्रेजी
(3) भूगोल
(4) नागरिक शास्त्र
(5) अर्थशास्त्र
(6) खेल एवं शारीरिक शिक्षा

**(ख) विज्ञान वर्ग (Scientific Group) -**

विषय – 1. सामान्य हिन्दी (अनिवार्य)
2. अंग्रेजी
3. भौतिक विज्ञान
4. रसायन विज्ञान
5. जीव विज्ञान **अथवा** गणित
6. खेल एवं शारीरिक शिक्षा

**(ग) वाणिज्य वर्ग (Commerce Group) -**

(1) सामान्य हिन्दी
(2) अंग्रेजी
(3) व्यापारिक संगठन
(4) अर्थशास्त्र
(5) बहीखाता
(6) खेल एवं शारीरिक शिक्षा

**(घ) व्यावसायिक (रेडियो व टी.वी)**

(अ) अनिवार्य विषय – (1) सामान्य हिन्दी
(2) सामान्य आधारित विषय
(3) रेडियो एवं रंगीन टेलीविजन
(4) खेल एवं शारीरिक शिक्षा

(ब) वैकल्पिक विषय – (कोई एक)

| | |
|---|---|
| 1. अंग्रेजी | 2. गणित |
| 3. नागरिक शास्त्र | 4. अर्थशास्त्र |
| 5. भूगोल | 6. मनोविज्ञान |

**(ड) व्यावसायिक (फोटोग्राफी) –**

(अ) अनिवार्य विषय –

1. सामान्य हिन्दी
2. सामान्य आधारित विषय
3. रंगीन फोटोग्राफी
4. खेल एवं शारीरिक शिक्षा

(ब) वैकल्पिक विषय – (कोई एक)

1. अंग्रेजी
2. गणित
3. नागरिक शास्त्र
4. अर्थशास्त्र
5. भूगोल
6. मनोविज्ञान

**(च) व्यावसायिक (बहीखाता लेखाशास्त्र एवं अकेंक्षण) –**

**अनिवार्य विषय –**

1. सामान्य हिन्दी
2. अंग्रेजी
3. बहीखाता लेखाशास्त्र एवं अकेंक्षण
4. सामान्य आधारित विषय
5. खेल एवं शारीरिक शिक्षा

## केवल कक्षा 9 के लिए विषय :

**नोट**– कक्षा 9 में प्रवेश लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर होगा।

***पाठ्यक्रम***

(अ) अनिवार्य विषय –

1. हिन्दी
2. अंग्रेजी
3. गणित
4. विज्ञान
5. सामाजिक विषय

(ब) वैकल्पिक विषय – (कोई एक)

1. कला
2. वाणिज्य
3. आई.टी.
4. रिटेल मैनेजमेंट
5. संस्कृत

**कक्षा 6, 7, 8 के लिए**

***पाठ्यक्रम***

सभी विषय अनिवार्य

**विद्यालय के संस्थागत छात्रों के लिए – (कक्षा 8 से 9 में प्रवेश के लिए)**

इस विद्यालय के कक्षा 8 से उत्तीर्ण छात्र अपने ऐच्छिक विषय का उल्लेख करते हुए अपना प्रार्थना प्रत्र, विज्ञान वर्ग के लिए डॉ. सत्यप्रकाश व राजेश बघेल और वाणिज्य वर्ग के लिए कु. नीतू जयंत को जमा करा दें।

**कक्षा 10 से 11 में प्रवेश के लिए** – कक्षा 11 में गणित व जीव विज्ञान में प्रवेश कक्षा 10 की परीक्षा के प्राप्तांक के आधार पर वरीयता क्रम में दिया जायेगा। इसके लिए हाईस्कूल की अंक तालिका संलग्न करके श्री प्रभाकर गिरि व डॉ. सुशील जैन को देगें।

**कला वर्ग के लिए** – डॉ. संजीव यादव/श्री बृजराज सिंह

**वाणिज्य वर्ग के लिए** – श्रीमती रागिनी जैन / कु. नीतू जैन

**व्यावसायिक व रेडियो टी.वी. एवं फोटोग्राफी के लिए** –

श्रीमती मृणालिनी बघेल / डॉ. योगिता सिंह

**विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश की योग्यताएँ :-**

1. समस्त कक्षाओं में प्रवेश हेतु माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।
2. फाइनल परीक्षा ( 10 व 12 ) में छात्र/छात्रओं पर आयु ( उम्र ) के सम्बन्ध में विभागीय नियम लागू होंगे।

**प्रवेश विधि :-**

1. प्रवेश प्रार्थना-पत्र जो प्रवेश पत्रिका में संलग्न है, प्राप्ति के तीन दिन के अन्दर भरकर तथा उसके साथ उत्तीर्ण परीक्षा की सत्यापित अंक तालिका एवं सत्यापित स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) लगाकर विद्यालय में प्रातः 8 बजे से 1 बजे तक कार्यालय में जमा करेंगे तथा प्रवेश सम्बन्धी विस्तृत जानकारी प्राप्त करेंगे। साथ ही प्रवेश सम्बन्धी आवश्यक सूचना के लिए सूचना-पट देखते रहेंगे। सूचना-पट पर प्रवेश सूची लगा दी जायेगी।
2. प्रवेश के समय अभिभावक का होना अनिवार्य है।
3. कक्षाध्यापक के पास शुल्क जमा कराते समय प्राप्तांक की प्रतिलिपि, चरित्र प्रमाण-पत्र एवं स्थानान्तरण प्रमाण-पत्र (T.C.) की मूल प्रति जमा कराना आवश्यक है।
4. जिन छात्र/छात्राओं का प्रवेश उनके द्वारा दिये गये गलत तथ्यों के आधार पर हुआ होगा वह रद्द कर दिया जायेगा। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित छात्र एवं अभिभावक की होगी और ऐसे छात्र/छात्रा के विरुद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

**प्रवेश सम्बन्धी नियम :-**

1. इस विद्यालय के प्रोन्नत छात्र/छात्रा अगली कक्षा में अपने कक्षाध्यापक के पास 1, 2 तथा 3 अप्रैल को अनिवार्य रूप से फीस जमा करायें। 3 अप्रैल के बाद नाम काट दिया जायेगा।
2. कक्षा 10 व 12 में किसी अन्य संस्था से आये छात्र/छात्रा को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
3. अनुशासनहीन, बोर्ड परीक्षा में अनुचित साधन प्रयोग करने वाले छात्र/छात्रा को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
4. किसी अनुत्तीर्ण छात्र/छात्रा को (फाइनल) कक्षा में विषय एवं वर्ग परिवर्तन की अनुमति नहीं दी जायेगी।

5. कक्षा 10 व 12 के अनुत्तीर्ण छात्र को प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
6. फाइनल कक्षा (10 व 12) के छात्र प्रवेश के समय ही अपना बोर्ड परीक्षा शुल्क अपने कक्षाध्यापक के पास जमा करेंगे। अन्य किसी के पास जमा नहीं करेंगे।
7. कक्षा 10 व 12 बोर्ड के छात्र बोर्ड परीक्षा फार्म केवल अपने कक्षाध्यापक के पास ही जमा कर ऑन लाइन आवेदन करायेंगे तथा कक्षाध्यापक से यह सुनिश्चित कर लेंगे कि उनका बोर्ड परीक्षा फार्म स्वीकार हुआ है या नहीं। छात्र का यह भी उत्तरादायित्व है कि वे जांच करें कि उनका नाम उपस्थिति तथा फीस रजिस्टर में लिखा है अथवा नहीं।
8. प्रवेश प्रार्थना–पत्र के साथ प्रमाण–पत्रों की प्रमाणित प्रतियाँ प्रस्तुत करेंगे तथा साक्षात्कार के समय प्रमाण–पत्रों की मूल प्रतियाँ साथ लायें।

**पुनः प्रवेश :-**

1. विद्यार्थियों को विद्यालय का समस्त देय शुल्क एवं दस रुपये पुनः प्रवेश शुल्क देना होगा। प्रधानाचार्य को बिना कारण बताये हुए किसी भी छात्र का पुनः प्रवेश अस्वीकृत करने का अधिकार है।
2. प्रवेश पाने पर छात्र को तुरन्त शुल्क जमा कर देना होगा तथा विधिवत कक्षा में उपस्थित रहना अनिवार्य है।
3. शुल्क निर्धारित तिथि पर जमा न करने पर प्रवेश रद्द समझा जायेगा।

**विशेष नियम -**

1. छात्र को अनुशासनहीनता, अनियमितता, अध्ययन में शिथिलता तथा विशेष कारणों के आधार पर विद्यालय से कभी भी हटाया जा सकता है।
2. शिक्षकों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले किसी भी छात्र को विद्यालय में नहीं रखा जायेगा, जिसकी सूचना अभिभावक को देना अनिवार्य नहीं होगी।
3. प्रवेश के पश्चात् छात्र को वर्ग अथवा विषय परिवर्तन की अनुमति किसी भी स्थिति में नहीं दी जायेगी।
4. यदि शुल्क माह की निर्धारित तिथि तक नहीं दिया जाता है तो छात्र का नाम काट दिया जायेगा जिसका उनका अपना उत्तरदायित्व होगा।

5. छात्र अपनी साईकिल में ताला लगाकर साईकिल स्टैण्ड पर ही रखेंगे, ऐसा न करने पर छात्र स्वयं उत्तरदायी होंगे।

6. यदि छात्र कॉलेज का कुल शुल्क व सामान (जैसे एन.सी.सी., साइन्स, स्काउटिंग, लाइब्रेरी, खेल आदि का) जमा नहीं करता है तो उन्हें प्रवेश–पत्र नहीं दिया जायेगा। ऐसे छात्र को परीक्षा से (अथवा उनका परीक्षाफल) रोक दिया जायेगा।

7. अनुसूचित जाति (Scheduled Caste) के छात्रों को प्रवेश, सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करने पर ही मिलेगा।

8. शासन के निर्देशानुसार छात्रवृत्ति हेतु ऑन लाइन आवेदन करेंगे तथा आवेदन की प्रति के साथ सक्षम अधिकारी के द्वारा निर्गत निवास, जाति प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करेंगे।

***नोट***– प्रधानाचार्य को यह अधिकार सुरक्षित है कि उनके द्वारा किसी भी छात्र को किसी समय बिना कोई कारण बताये विद्यालय से निष्कासित किया जा सकता है।

**विद्यालय पोशाक (School Uniform)**

गर्मियों में (1 अप्रैल 31 अक्टूबर)

1. आसमानी रंग की आधी अथवा पूरी आस्तीन की कमीज
2. खाकी रंग की पैण्ट
3. काले जूते तथा सफेद मोजे
4. हाउस (सदन) ड्रेस छात्रों को लेना अनिवार्य है।

**सर्दियों में 01 नवम्बर से 31 मार्च**–

उपरोक्त के अतिरिक्त छात्र नेवी ब्लू कलर का स्वेटर अथवा ब्लेजर ।

**विशेष**– प्रत्येक छात्र को विद्यालय पोशाक में आना अनिवार्य है। बिना पोशाक पहने छात्र द्वारा बार–बार उल्लंघन करने पर उनके अभिभावक को सूचित कर कार्यवाही की जायेगी।

**उपस्थिति के नियम**–

1. उपस्थिति के सम्बन्ध में माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा निर्धारित नियम लागू होंगे।
2. 10 दिन तक लगातार अनुपस्थित रहने के बाद नाम खारिज कर दिया जायेगा। इसकी सूचना छात्र या अभिभावक को देना आवश्यक नहीं है।

3. सत्र के प्रारम्भ के लगातार तीन दिन अनुपस्थित रहने वाले छात्र/छात्रा का नाम काट दिया जायेगा। पुनः प्रवेश कक्षा में स्थान होने पर ही सम्भव हो सकेगा, अन्यथा नहीं।
4. किसी भी कारणवश नाम कटने पर छात्र/छात्रा उस समय तक कक्षा में नहीं बैठ सकेगा जब तक कि पुनः प्रवेश लेकर शुल्क जमा न कर दिया हो।
5. यदि किसी कारण वश छात्र/छात्रा कक्षा में बैठ जाता है तो नाम कटने तथा पुनः प्रवेश के मध्य के समय की उपस्थितियाँ, उपस्थिति की गणना में किसी भी प्रकार सम्मिलित नहीं की जायेगी। इस प्रकार लगी हुई उपस्थिति को रजिस्टर से काट दिया जायेगा।
6. अभिभावकों से यह आशा की जाती है कि वह समय-समय पर कक्षाध्यापक सम्बन्धित विषय अध्यापक अथवा गृह परीक्षा अधीक्षक से सम्पर्क स्थापित कर अपने पाल्य की प्रगति तथा उपस्थिति देखते रहें।
7. उपस्थितियों की नियमानुसार संख्या कम होने पर छात्र/छात्रा को गृह अथवा बोर्ड परीक्षा से रोक दिया जायेगा।

**अवकाश के नियम-**

1. अवकाश के लिए आवेदन पत्र पर संरक्षक के हस्ताक्षर कराकर कक्षाध्यापक के पास जमा करा दें।
2. स्कूल समय के बीच कोई अवकाश नहीं दिया जायेगा जब तक कि वह छात्र अपने संरक्षक का हस्तलिखित पत्र प्रस्तुत नहीं करता है अथवा कोई विशेष कारण प्रत्यक्ष प्रकट नहीं होता है।
3. दीर्घावकाश (10 दिन से अधिक) के लिए मेडीकल सर्टिफिकेट, अनुपस्थित रहने के 10 दिन के अन्दर आ जाना चाहिए।

**शिक्षा के अतिरिक्त अन्य क्रिया कलाप (Extra Curricular Activities):**

पी. टी., खेल, एन.सी.सी., स्काउटिंग, ईको-क्लब (ग्रीन कोर), एन.एस.एस. एवं यूथ क्लब में चुनाव चयन प्रक्रिया के आधार पर होगा।

**चाल-चलन :**

1. चाल-चलन का लेखा-जोखा प्रतिवर्ष वार्षिक प्रमोशन के साथ छात्र के स्कॉलर रजिस्टर (एस.आर.) में कर दिया जाता है।
2. विद्यालय के नियमों का उल्लंघन करने वाले छात्र के विरुद्ध अनुशासनात्मक तक की कार्यवाही की जायेगी।

**परीक्षा सम्बन्धी नियम–**

1. परिषदीय नियम लागू होंगे।
2. गृह परीक्षा में नकल करने वाले छात्र को उस प्रश्न–पत्र में शून्य अंक प्रदान किया जायेगा।
3. एक बार जमा किया हुआ शुल्क न वापिस होगा और न ही आगामी परीक्षा हेतु सुरक्षित किया जायेगा।
4. गृह परीक्षा में प्रोन्नति के लिए प्रधानाचार्य एवं गृह परीक्षा समिति का अधिकार सुरक्षित है। विभिन्न क्रिया–कलापों में रुचि लेने वाले छात्रों को प्रोत्साहित किया जायेगा।

**व्यावसायिक शिक्षा सम्बन्धी सूचना–**

1. व्यावसायिक शिक्षा के विभिन्न वर्गों के अन्तर्गत दिये गये ट्रेड्स में रोजगारपरक प्रशिक्षण कराया जायेगा जो सम्बन्धित ट्रेडस में दिये गये प्रायोगिक कार्य के अनुसार होगा। रोजगार परक प्रशिक्षण प्रयोगशाला तथा कार्यस्थल पर होंगे।
2. इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा में केवल संस्थागत छात्र ही प्रवेश के पात्र होंगे।
3. इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा की परीक्षा के छात्रों को हिन्दी से छूट नहीं दी जायेगी।
4. इण्टरमीडिएट व्यावसायिक शिक्षा में प्रवेश के लिए हाईस्कूल अथवा कोई समकक्ष परीक्षा जो विनियमों द्वारा उसके समकक्ष घोषित की गई है, उत्तीर्ण करना अनिवार्य है।
5. शिक्षण एवं प्रश्न–पत्रों का उत्तर देने का माध्यम हिन्दी होगा यदि कोई छात्र प्रश्नों का उत्तर अंग्रेजी में देना चाहता है तो नियमानुसार अनुमति प्राप्त करनी होगी।
6. व्यावसायिक वर्ग के छात्रों की बोर्ड परीक्षा अन्तिम वर्ष में होगी।

**डॉ. जनक सिंह सिसौदिया**

**प्रधानाचार्य**

वर्तमान सत्र 2022–23 को रचनात्मक ढ़ग से संचालन के लिए, विद्यालय में आम सहमति से, सदन एवं समितियाँ गठन निम्न प्रकार किया गया। तद्नुसार सभी अपना–अपना कार्य, निष्ठा के साथ करना सुनिश्चित करें।

| सदन का नाम | | प्रभारी/सदस्य |
|---|---|---|
| गाँधी सदन (पीला) | – | श्री संजीव कुमार यादव, कु. दीक्षा निगम |
| टैगोर सदन (हरा) | – | श्रीमती ममता सिंह, श्री राजेश कुमार बघेल |
| सुभाष सदन (लाल) | – | डॉ. सत्यप्रकाश, श्रीमती रोजी |
| पटेल सदन (नीला) | – | श्रीमती योगिता सिंह, श्री कमलेश कुमार यादव |

**समितियॉ का गठन**

| | | |
|---|---|---|
| **अनुशासन समिति** | – | **डॉ. संजीव कुमार**<br>श्री बृजराज सिंह, श्री अनिल कुमार,<br>श्रीमती अंजली सोनी, श्रीमती स्वामी प्यारी |
| **साहित्यिक (सदन) क्लब** | – | **श्रीमती लीना**<br>श्री विशम्भर दयाल पाराशर, डॉ. योगिता सिंह<br>डॉ. राजेन्द्र सिंह चौहान, श्रीमती मीता वर्मा<br>डॉ. चारू सोलंकी |
| **विज्ञान क्लब (प्रभारी)** | – | **श्री प्रभाकर गिरि**<br>श्री दाताराम तारव, डॉ सत्य प्रकाश<br>श्री संजीव कुमार यादव, श्री राजेश कुमार बघेल |
| **पर्यावरण क्लब** | – | **श्री बृजराज सिंह**<br>डॉ संजीव कुमार, कु. नीतू जयन्त,<br>श्रीमती अंजली सोनी |
| **एकेडमिक/गणित क्लब** | – | **डॉ सुशील कुमार जैन,**<br>श्री राजेन्द्र सिंह कुशवाह, डॉ सत्य प्रकाश<br>श्री राजेश कुमार बघेल |
| **सांस्कृतिक क्लब** | – | **श्रीमती मृणालिनी बघेल,**<br>श्रीमती तृप्ति शर्मा, श्रीमती हिना चंचल<br>श्रीमती रागिनी जैन, श्री वी.डी. पाराशर |
| **यूथ क्लब** | – | **डॉ. संजीव कुमार यादव**<br>श्री बृजराज सिंह, श्री अनिल कुमार,<br>श्रीमती अंजली सोनी, कु. दीक्षा निगम |

# शुल्क विवरण

| कक्षा | 06 माह का शुल्क | वार्षिक शुल्क + गृह परीक्षा | बोर्ड शुल्क | योग |
|---|---|---|---|---|
| 6, 7, 8 | – | – | – | – |
| 09 | 138 | 122 | 50 | 310 |
| 10 | 138 | 122 | 501 | 761 |
| 11 कला, वाणिज्य, व्यवसायिक | 138 | 118 | 50 | 306 |
| 11 विज्ञान | 168 | 120 | 50 | 338 |
| 12 कला, वाणिज्य, व्यावसायिक | 138 | 118 | 601 | 857 |
| 12 विज्ञान | 168 | 120 | 601 | 889 |

कक्षा – 9 व 11 का पंजीकरण शुल्क 50 रू.
कक्षा – 10 का 501 रू. व कक्षा 12 का 601 रू. बोर्ड शुल्क

## विशेष शुल्क :–

1. पुन: प्रवेश — 10 रू.
2. अनुपस्थिति दण्ड — 01 रू. (प्रतिदिन)
3. शुल्क विलम्ब दण्ड — 01 रू. (प्रतिदिन)
4. छात्र पंजिका टी.सी. शुल्क — 10 रू.

## अन्य शुल्क :–

1. परिचय पत्र, डायरी, टाई, बैल्ट एवं बैच — 100 रू.
2. पी.टी.ए. — 100 रू.
3. सशस्त्र सेना झण्डा शुल्क — 10 रू.

नोट : (1) बोर्ड परीक्षाओं का शुल्क शासन के निर्देशानुसार लिया जायेगा। (2) यदि शासन द्वारा मंडलीय/जनपदीय बोर्ड परीक्षाओं का आयोजन किया जाता है तो शासन द्वारा निर्धारित परीक्षा शुल्क अतिरिक्त लिया जायेगा। (3) नोट : साइकिल लाने वाले छात्र रू. 200/– प्रवेश के साथ जमा कराये। (4) विद्यार्थी को प्रत्येक माह की 15 तारीख फीस के लिए निर्धारित की है। इसके उपरांत 1 रूपये प्रतिदिन विलम्ब दण्ड के साथ जमा होगी। (5) विद्यार्थी के अभिभावकों के लिए प्रत्येक माह की अंतिम तारीख पी.टी.एम. के लिए निर्धारित है।

# विद्यालय के स्टाफ सूची

| क्र. सं. | शिक्षक का नाम | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | प्रभार |
|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री प्रभाकर गिरी | प्रवक्ता | एम०एस०सी०, बी०एड० | विज्ञान परिसर एवं विज्ञान |
| 2. | डॉ. सुशील कुमार जैन | प्रवक्ता | एम०एस०सी०,बी०एड०, एम० फिल | गणित क्लब एवं आर.टी.वी. |
| 3. | डॉ. संजीव कुमार | प्रवक्ता | एम०ए०, बी० एड०, पी०एच०डी० | चीफ प्रोक्टर, बोर्ड परीक्षा, एन.सी.सी. व यूथ क्लब |
| 4. | श्री संजीव कुमार यादव | प्रवक्ता | एम०एस०सी०, बी०एड० | गृह परीक्षा एवं मूल्यांकन |
| 5. | डॉ. योगिता सिंह | प्रवक्ता | एम०ए०, बी० एड०, पी०एच०डी० | कौशल विकास |
| 6. | श्रीमती ममता | प्रवक्ता | एम०ए०, बी.एड. | छात्रवृति (अनु.), निर्धन छात्र |
| 7. | श्रीमती मृणालिनी बघेल | प्रवक्ता | एम०ए०, बी० एड०, एम०बी०ए० | एस.एम.डी.सी. |
| 8. | डॉ. राजेन्द्र सिंह चौहान | सहायक अध्यापक | एम०ए०, बी० एड०, एम० एड०,पी०एच०डी० | पत्रिका एवं पत्राचार |
| 9. | श्री विश्वम्भर दयाल पाराशर | सहायक अध्यापक | एम०ए०, बी०टी०सी० | बाह्य परीक्षा |
| 10. | डॉ. सत्य प्रकाश | सहायक अध्यापक | एम०एस०सी०,एम०एड०,पी०एच०डी० (राष्ट्रपति पुरुष्कार प्राप्त) | जिला नोडल सड़क सुरक्षा एवं इंस्पायर योजना |
| 11. | श्री अनिल कुमार | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड० | क्रीडा प्रभारी |
| 12. | श्री दाताराम तारब | सहायक अध्यापक | बी०एस०सी०, एम०ए०, बी०एड० | पी.टी.ए./जीव विज्ञान लैब |
| 13. | श्री राजेन्द्र सिंह | सहायक अध्यापक | एम०एस०सी०,बी०एड०, | जलपान |
| 14. | श्री राजेश कुमार बघेल | सहायक अध्यापक | बी०एस०सी०, एम०ए०, बी०एड० | विज्ञान क्लब |
| 15. | श्रीमती मीता वर्मा | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड०, एम०एड० | दृश्य श्रृव्य |
| 16. | डॉ. चारू सोलंकी | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड०, पी०एच०डी० | आई. कार्ड व डायरी वितरण |
| 17. 18. | श्रीमती तृप्ति शर्मा | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड०, एम०एड० | |

# विद्यालय की स्टॉफ सूची

| क्र. सं. | शिक्षक का नाम | पदनाम | शैक्षिक योग्यता | प्रभार |
|---|---|---|---|---|
| 19. | श्री बृजराज सिंह | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड० | एन.एस.एस. एवं ईको क्लब |
| 20. | श्री कमलेश कुमार यादव | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड० | एम.डी.एम |
| 21. | श्रीमती अंजली सोनी | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड०, एम० फिल | आई.जी.डी. (बॉम्बे)/कला, अनुशासन |
| 22. | श्रीमती रागिनी जैन | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड० | जूनियर पुस्तक वितरण |
| 23. | सुश्री नीतू जयंत | सहायक अध्यापक | एम०कॉम, बी०एड० | वाणिज्य व्यवसाय |
| 24. | श्रीमती हिना चंचल | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड०,एम०एड०, एम० फिल | एन.टी.एस.ई व एकीकृत परीक्षा |
| 25. | श्रीमती लीना कुमारी | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड० | साहित्य परिषद् |
| 26. | श्रीमती स्वामी प्यारी | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड० | एन.सी.सी. (सीनियर डिवीजन) |
| 27. | श्रीमती रोजी | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड० | रेड क्रॉस/अल्पसंख्यक छात्रवृति |
| 28. | सुश्री दीक्षा निगम | सहायक अध्यापक | बी०ए०, एम०ए०, बी०एड० | स्कॉउट गाइड, सड़क सुरक्षा विद्यालय नोडल |
| 29. | श्री सुधाकर शर्मा | अतिथि शिक्षक | आई०टी०आई०, एम०ए० | |
| 30. | डॉ. नीलकमल | अतिथि शिक्षक | आई०टी०आई०, एम०ए०, एम० फिल, पी०एच०डी० | |
| 31. | श्री अविनाश भदौरिया | अतिथि शिक्षक | एम०कॉम | |
| 32. | श्री अरशाद इकबाल | शिक्षक | बी.टेक (आई. टी.) | |
| 33. | श्री सोनू दीक्षित | शिक्षक | बी.बी.ए. (रिटेल मैनेजमेंट) | |
| 34. | श्री ओ.पी. परमार | शिक्षक | एम.एस.सी. (मैथ) | |
| 35. | श्री विकास दुबे | शिक्षक | एम.ए. (अंग्रेजी) | |

## हमारी विशेषताऐं :

- बच्चों के लिये कम्प्यूटर कोर्स की सुविधा
- छात्रों को छात्रवृति की सुविधा
- कक्षा 6 व 9 (एक सेक्शन) में अंग्रेजी माध्यम शिक्षा
- कम शुल्क, उत्तम शिक्षा
- एन.सी.सी, एनएसएस व खेल–कूद व अन्य शैक्षिक
- गतिविधियाँ के द्वारा छात्रों का सर्वांगीण विकास
- छात्रों की सुरक्षा हेतु सी.सी.टी.वी कैमरे
- छात्रों के लिये आर. ओ. वॉटर की सुविधा
- बिजली न आने पर जनरेटर की सुविधा
- छात्रों को अलग–अलग हाउस में चयन करके प्रतियोगिताओं का आयोजन








## प्रार्थना

**वह शक्ति हमें दो दया निधे**
**कर्तव्य मार्ग पर डट जावें।**
**पर सेवा पर उपकार में हम,**
**जग–जीवन सफल बना जावें॥**
**हम दीन–दु:खी निबलों–विकलों,**
**के सेवक बन सन्ताप हरें।**
**जो हैं अटके भूले–भटके,**
**उनके तारें खुद तर जावें॥**
**छल, दम्भ, द्वेष, पाखण्ड, झूठ।**
**अन्याय से निश–दिन दूर रहें।**
**जीवन हो शुद्ध सरल अपना,**
**शुचि प्रेम सुधारस बरसावें॥**
**निज आन–मान मर्यादा का,**
**प्रभु ध्यान रहे, अभिमान रहे।**
**जिस देश जाति में जन्म लिया,**
**बलिदान उसी पर हो जावे॥**

नोट : उपरोक्त ईश प्रार्थना सभी छात्रों को कण्ठस्थ करनी अनिवार्य है।




# राजकीय इण्टर कॉलेज

पचकुंईया शाहगंज, आगरा

वेवसाइट : www.gicagra1052.org

फोन न. : +915622977799